## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 28.06.2021 को Zoomapp के माध्यम से आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शासनादेश सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन एवं मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010 (टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुए जनपद स्तर पर गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में दिनांक 28.06.2021 को Zoomapp के माध्यम से आयोजित की गयी है जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर | – | सदस्य |
| 2 | जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर | – | सदस्य |
| 3 | प्रभागीय वनाधिकारी | – | सदस्य |
| 4 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर | – | सदस्य |
| 5 | अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल | – | सदस्य |
| 6 | अधिशासी अभियन्ता, सिचाई विभाग | – | सदस्य |
| 7 | जिला कृषि अधिकारी | – | सदस्य |
| 8 | जिला सूचना अधिकारी | – | सदस्य |
| 9 | अधिशासी अभियन्ता जल निगम | – | सदस्य सचिव |
| 10 | मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा के प्रतिनिधि :– | | |
| | 1. श्री दिव्येश पटेल, प्रोजेक्ट मेनेजर | | |
| | 2. श्री प्रशान्त, कंसलटेंट इंजीनियर | | |

वी0पी0एस0 तोमर, अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, नोएडा गौतमबुद्धनगर द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्राजेक्ट प्रा0लि0 एवं टी0सी0ई0एल0 जे0वी0, 409 इस्कॉन एलिगेन्टस, निकट जैन मन्दिर, प्रहलाद नगर, कोसिंग रोड, एस0जी0 हाइवे, अहमदाबाद द्वारा (SWSM) तथा प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शासनादेश सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी 2020 द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जनपद में 97 ग्रामों के सापेक्ष 10 नग डी0पी0आर0 मैसर्स एल0सी0 इन्फ्रा द्वारा दिनांक 07.06.2021 की बैठक में प्रस्तुत की गयी थी जिन्हे जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति द्वारा दिनांक 11.06.2021 को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) को स्वीकृति/परीक्षण हेतु प्रेषित किया जा चुका है। दिनांक 28.06.2021 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (DWSM) समिति की बैठक में पुनः 22 पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 प्रस्तुत की गई है। प्रस्तुत समस्त डी0पी0आर0 का परीक्षण अधिशासी अभियन्ता, जल निगम एवं जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर द्वारा कराया गया जिन्हे राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) तथा जल निगम द्वारा समय–समय पर निर्गत विभिन्न तकनीकी गाइडलाइन के अनुरूप जॉच करने के उपरान्त तकनीकी रूप से अर्ह पाया गया है। जिनको समिति द्वारा स्वीकृति/संस्तुति हेतु प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा पूर्व में निर्णय लिया गया था कि जिन प्राक्कलनों की Per Capita Cost रू0 6000 से कम है, को स्वीकृति हेतु संस्तुति सहित अग्रसारित किया जाये तथा जिन प्राक्कलन की Per Capita Cost रू0 6000 से अधिक है, को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) को परीक्षण हेतु प्रेषित किया जाये। प्रमुख सचिव, श्री अनुराग

श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 24.03.2021 की Zoom Meeting में दिये गये निर्देश के अनुसार Per Capita Cost की गणना Ultimate/डिजाइन ईयर–2052 के अनुसार की जायेगी तथा अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, नगर विकास अनुभाग–3 के शासनादेश सं0 500/9–3–2021 लखनऊ दिनांक 05.03.2021 के अनुसार डी0पी0आर0 में विभागीय सेन्टेज का प्राविधान किया गया है।

समिति द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार जिन प्राक्कलनों की लागत रू0 6000 Per Capita Cost से कम है, को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा स्वीकृति हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) को प्रेषित किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | विकास खण्ड का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | वर्क कॉस्ट (लाख) | सेन्टेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत डिजाइन वर्ष 2052 (रु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामपुर बांगर | जेवर | 1 | 443 | 237.70 | 26.53 | 264.23 | 5537 |
| 2 | मीरपुर कच्छ उर्फ कानीगढी | जेवर | 1 | 624 | 324.09 | 36.17 | 360.26 | 5736 |
| 3 | बल्लवनगर उर्फ करौल बांगर | जेवर | 1 | 293 | 199.50 | 22.27 | 221.77 | 5773 |
| 4 | चकसैनपुर उर्फ धनूवास | दादरी | 1 | 312 | 211.74 | 23.63 | 235.37 | 5787 |
| 5 | गिर्राजपुर खंडेरा | दादरी | 2 | 503 | 310.49 | 34.65 | 345.14 | 5753 |
| 6 | नगला चमरू | दादरी | 1 | 366 | 236.11 | 26.35 | 262.46 | 5988 |
| 7 | मंडपा | दादरी | 1 | 634 | 295.45 | 32.97 | 328.42 | 3273 |
| 8 | जमालपुर | दादरी | 1 | 390 | 214.93 | 23.99 | 238.92 | 4614 |
| 9 | दौलाराजपुर | दादरी | 1 | 779 | 379.91 | 42.40 | 422.31 | 4290 |
| 10 | ततारपुर | दादरी | 1 | 350 | 204.37 | 22.81 | 227.18 | 4520 |
| 11 | खंगौडा | दादरी | 1 | 549 | 245.96 | 27.45 | 273.41 | 4856 |
| 12 | छायसा | दादरी | 2 | 582 | 277.12 | 30.93 | 308.05 | 5422 |
| 13 | सीधीपुर | बिसरख | 1 | 418 | 213.27 | 23.80 | 237.07 | 4471 |
| 14 | शादीपुर छिड़ौली | बिसरख | 1 | 577 | 274.94 | 30.69 | 305.63 | 3059 |
| 15 | सीधीपुर चौना | दादरी | 1 | 502 | 250.51 | 27.96 | 278.47 | 4373 |
| **योग** | | | **17** | **7322** | **3876.09** | **432.60** | **4308.69** | - |

समिति द्वारा पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार जिन प्राक्कलनों की लागत रू0 6000 Per Capita Cost से अधिक है, को परीक्षण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) को प्रेषित किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | विकास खण्ड का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की संख्या | योजना में प्राविधानित FHTC की संख्या | वर्क कॉस्ट (लाख) | सेन्टेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष 2052 (रू) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छातंगा खुर्द | जेवर | 1 | 144 | 179.68 | 20.05 | 199.73 | 10280 |
| 2 | भगवन्तपुर छातंगा | जेवर | 1 | 349 | 227.52 | 25.39 | 252.91 | 7295 |
| 3 | मंगरौली | जेवर | 1 | 401 | 242.91 | 27.11 | 270.02 | 8266 |
| 4 | औरंगाबाद उर्फ हुमायुपुर | जेवर | 1 | 130 | 130.29 | 14.54 | 144.83 | 12525 |
| 5 | भवौकरा | जेवर | 1 | 268 | 200.08 | 22.33 | 222.41 | 7063 |
| 6 | इरादतपुर उर्फ रजतपुर | दादरी | 1 | 151 | 160.39 | 17.90 | 178.29 | 9222 |
| 7 | शाहपुर खुर्द | जेवर | 3 | 475 | 269.50 | 30.08 | 299.58 | 6729 |
| **योग** | | | **9** | **1918** | **1410.37** | **157.40** | **1567.77** | |

उपरोक्तानुसार जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार अधिशासी अभियन्ता(सदस्य सचिव) को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(DWSM) समिति
गौतमबुद्धनगर

पृ0सं0 1028 /जल जीवन मिशन/78 एवं दिनांक 02.07.2021

प्रतिलिपिः–

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संयुक्त प्रबन्ध निदेशक (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
5. जिला वनाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
6. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
7. मुख्य अभियन्ता(गा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
8. अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
9. जिला विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
10. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
11. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
12. जिला कृषि अधिकारी।
13. जिला सूचना अधिकारी।
14. अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल।

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(DWSM) समिति
गौतमबुद्धनगर